दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार, 11 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 163

# चार राज्यों में भगवा दल का जलवा, पंजाब आप के हवाले



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा विधानसभा चुनावों के रुझानों में सबसे आगे चल रही है, जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी भारी बढ़त बनाए हुए है। मणिपुर में एक सीट के आए चुनाव परिणाम जनता दल यूनाइटेड के पक्ष में गए हैं। उत्तर प्रदेश की 403, पंजाब की 117, उत्तराखंड की 70, मणिपुर की 60 और गोवा की 40 विधानसभा सीटों के लिए आज चल रही मतगणना में शाम 5 बजे तक के रुझानों के अनुसार भाजपा को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के अलावा मणिपुर तथा गोवा में भी निर्णायक बढ़त मिली हुई है।

चुनाव आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश की 403 सीटों में से 399 सीटों के रुझानों में भाजपा 252, सपा 110 तथा अपना दल 12 सीटों पर आगे चल रहा है। इसके अलावा भी कुछ अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर शहरी सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार से करीब 20 हजार मतों से तथा सपा के अखिलेश यादव करहल सीट पर 30 हजार से ज्यादा मतों से आगे चल रहे हैं। राज्य के बुंदेलखंड के सात जिलों की कुल 19 सीटों में सभी पर भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों के उम्मीदवार काफी बढत बनाए हुए हैं। पंजाब में सभी 117 सीटों के रुझान आ चुके हैं और आम आदमी पार्टी 90 सीटों पर आगे है, कांग्रेस 18, शिरोमणि अकाली दल छह और भाजपा दो सीटों पर बढ़त बनाये हुए है।

मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी चमकौर साहिब सीट से पीछे चल रहे हैं और पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू भी अमृतसर पूर्वी सीट पर आम आदमी पार्टी की जीवन जोत कौर से, पटियाला सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह आम आदमी पार्टी से और पूर्व मुख्यमंत्री तथ शिरोमणी अकाली दल के प्रकाश सिंह बादल लम्बी सीट से पिछड़ रहे हैं। उत्तराखंड में सभी 70 सीटों के प्रारंभिक रुझान आ चुके हैं और वहां भाजपा 42, कांग्रेस 22 आगे चल रही है। इस राज्य में बहुजन समाज पार्टी एक सीट पर बढ़त बनाये हुए है। मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी खटीमा सीट से करीब एक हजार वोटों से और कांग्रेस उम्मीदवार तथा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत लालकुआं सीट से 12 वोटों से पीछे चल रहे हैं।

मणिपुर की 60 सीटों में 41 के रुझान आ गए हैं, जिनमें भापजा 21, कांग्रेस तीन, नागा पीपुल्स फ्रंट तथा नेशनल पीपुल्स पार्टी छह-छह सीटों पर बढत बनाए हुए है। राज्य विधानसभा चुनाव का पहला परिणाम घोषित किया जा चुका है और यह परिणाम जनता दल यू के पक्ष में गया है और इसके प्रत्याशी नगूरसंगलूर सनाते ने भाजपा के सीएल येमो को 1249 मतों से पराजित किया है। भाजपा नेता तथा राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह हींगांग सीट से 18 हजार वोटों से बढ़त बनाए हुए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 5 में से 4 राज्यों में जीत पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई यूपी में 37 साल बाद कोई सरकार लगातार दूसरी बार आई है

5 में से 4 राज्यों में भाजपा को मिले जनादेश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज उत्साह का दिन है, उत्सव का दिन है। ये उत्सव भारत के लोकतंत्र के लिए है। मैं इन चुनावों में हिस्सा लेने वाले सभी मतदाताओं को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उनके निर्णय के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं। विशेष रूप से हमारी माताओं, बहनों और युवाओं ने जिस तरह से बीजेपी का समर्थन किया वह अपने आप में बड़ा संदेश है। पीएम मोदी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुझसे वादा किया था कि इस बार होली 10 मार्च से ही शुरू हो जाएगी। हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं ने अपने वादे को पूरा करके दिखाया है। मैं अपने कार्यकर्ताओं की भूरी-भूरी प्रशंसा करूंगा, जिन्होंने इन चुनावों में कड़ी मेहनत की है। यूपी ने देश को अनेक प्रधानमंत्री दिए हैं, लेकिन 5 साल का कार्यकाल पूरा करने वाले मुख्यमंत्री के दोबारा चुने जाने का ये पहला उदाहरण है। यूपी में 37 साल बाद कोई सरकार लगातार दूसरी बार आई है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि तीन राज्य यूपी, गोवा और मणिपुर में सरकार में होने के बावजूद भाजपा के वोट शेयर में वृद्धि हुई है। गोवा में सारे एग्जिट पोल गलत निकल गए और वहां की जनता ने तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया है। सीमा से सटा एक पहाड़ी राज्य, एक समुद्र तटीय राज्य, मां गंगा का विशेष आशीर्वाद प्राप्त एक राज्य और पूर्वोत्तर सीमा पर एक राज्य, भाजपा को चारों दिशाओं से आशीर्वाद मिला है। इन राज्यों की चुनौतियों भिन्न हैं, सबकी विकास यात्रा का मार्ग भिन्न है, लेकिन सबको जो बात एक सूत्र में पिरो रही है, वो है- भाजपा पर विश्वास, भाजपा की नीति, भाजपा की नीयत और भाजपा के निर्णयों पर अपार विश्वास। इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने पीएम मोदी को माला पहनाकर सम्मानित किया।

# महत्वपूर्ण एवं खास

## रेलवे ने लिनेन, कंबल तथा ट्रेन के भीतर के पर्दों पर पाबंदी तत्काल प्रभाव से वापस ली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोविड-19 के कारण महामारी तथा कोविड प्रोटोकॉल को देखते हुए ट्रेनों से यात्रियों की आवाजाही के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल (एसओपी) जारी किया गया था, जिसमें लिनेन, कंबलों तथा ट्रेनों के भीतर के पर्दों पर पाबंदी लगाई गई थी। अब रेलवे ने तत्काल प्रभाव से लिनेन, कंबल तथा अंदर के पर्दों पर लगाई गई पाबंदी को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्णय लिया है और ये चीजें उसी तरह उपलब्ध कराई जाएंगी जिस तरह कोविड पूर्व अवधि के दौरान उपलब्ध कराई जाती थीं।

## ऑस्ट्रेलिया के सेना प्रमुख ने लोंगेवाला का किया दौरा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रिचर्ड मैक्सवेल बर्र एओए डीएससीए एमवीओ वर्तमान में 08 मार्च 2022 से भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के सेना प्रमुख ने 10 मार्च, 2022 को राजस्थान में लोंगेवाला, पोखरण तथा जोधपुर का दौरा किया। लोंगेवाला पहुंचने पर ऑस्ट्रेलिया के सेना प्रमुख का डेजर्ट कॉप्र्स के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना के शहीद हुए जवानों की याद में लोंगेवाला युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने 'युद्ध स्मारकों के निर्माण तथा उसके रखरखाव और भारतीय जवानों के मूल्यों तथा वीरता का अवलोकन करने के लिए आम आदमी की पहुंच बनाने के लिए सेतु की स्थापना करने पर भारतीय सेना के प्रयासों की सराहना की। लेफ्टिनेंट जनरल रिचर्ड मैक्सवेल बर्र ने पोखरण स्थित फील्ड फायरिंग रेंज का भी दौरा किया जहां उन्होंने आर्मर, आर्टिलरी, इंफैंट्री तथा उड्डयन परिसंपत्तियों से संबंधित संयुक्त हथियार चलाने से जुड़े अभ्यास में प्रचालनगत करतबों को निष्पादित करते स्वदेशी अस्त्र प्लेटफॉर्म के प्रदर्शन का अवलोकन किया। आगंतुक जनरल ने भारतीय जवानों की मजबूती तथा तैनाती के विभिन्न क्षेत्रों और दुर्गम तराइयों एवं कठिन परिस्थितियों में काम करने की उनकी क्षमता की सराहना की।

## यूक्रेन में अस्पताल आए रूसी गोलाबारी की चपेट में

**कीव।** यूक्रेन ने कहा है कि दक्षिणी बंदरगाह शहर मारियुपोल को घेरने वाली रूसी सेना ने एक प्रसूति अस्पताल को नष्ट कर दिया है। राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि बच्चे मलबे के नीचे थे और पश्चिमी नेताओं से नो-फ्लाई जोन लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने जाहिर तौर पर अस्पताल के अंदर से फुटेज भी पोस्ट किया, जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा है। हताहतों के बारे में या उस समय अस्पताल के अंदर कौन था, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। मारियुपोल नगर परिषद ने कहा कि हड़ताल से भारी क्षति हुई है और जली हुई इमारतों, नष्ट कारों और अस्पताल के बाहर एक विशाल गड्ढा दिखाते हुए फुटेज प्रकाशित किया। मारियुपोल कई दिनों से रूसी सेनाओं से घिरा हुआ है और नागरिकों को छोडऩे की अनुमति देने के लिए युद्धविराम के बार-बार प्रयास विफल हो गए हैं।

## एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने खनन क्षेत्र से 2600 हेक्टेयर भूमि वापस ली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोयला मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र का नवरत्न प्रतिष्ठान एनएलसी इंडिया लिमिटेड वर्तमान में नवीकरणीय ऊर्जा यानी सौर ऊर्जा उत्पादन, स्थायी भूमि वापसी गतिविधि तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल क्षेत्रों में प्रगति कर रही है। सभी खनन क्षेत्रों में पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की खदान बंदी योजना के अनुरूप वनरोपण तथा ग्रीन बेल्ट बनाने की परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। जीवाष्म ईंधन खनन तथा थर्मल विद्युत उत्पादन में काम कर रही एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने ग्रीन बेल्ट बनाने की पहल के हिस्से के रूप में निवेली टाउनशिप तथा औद्योगिक क्षेत्र में 2 करोड़ से अधिक पौधे लगाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के इस प्रतिष्ठान ने खनन क्षेत्र से 2600 हेक्टेयर भूमि वापस ली है और 2188 हेक्टेयर में वनरोपण किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के देशी पेड़ इस क्षेत्र में लगाए गए हैं। वापस ली गई भूमि में अब तक 27.96 लाख पौध लगाए गए हैं और 100 हेक्टेयर भूमि में सब्जी की खेती की जा रही है।

# अपरिष्कृत हीरों की नीलामी में एनएमडीसी ने अपनी चमक बिखेरी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इस्पात मंत्रालय के तहत कार्यरत एक सीपीएसई और देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड (एनएमडीसी) ने मध्य प्रदेश राज्य में स्थित अपनी पन्ना हीरा खदानों से निकाले गए अपरिष्कृत हीरों की बिक्री के लिए ई-नीलामी आयोजित की। इस ई-नीलामी के दौरान सूरत, मुंबई और पन्ना के हीरा व्यापारियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। दिसंबर 2020 से पहले निकाले गए लगभग 8337 कैरेट के अपरिष्कृत हीरे नीलामी के लिए पेश किए गए थे और इनके लिए लगभग 100त्न मात्रा में सफल बोलियां प्राप्त हुई थीं। मझगवां-पन्ना में एनएमडीसी की हीरा खनन परियोजना देश की एकमात्र यंत्रीकृत हीरे की खान है। यह खनन परियोजना स्थल अयस्क प्रसंस्करण संयंत्र की सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें हेवी मीडिया सेपरेशन यूनिट, हीरों के पृथक्करण के लिए एक्स-रे सॉर्टर और उत्पन्न अवशेष के लिए निपटान प्रणाली भी शामिल है।

एनएमडीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुमित देब ने कहा कि एनएमडीसी छह दशकों से अधिक समय से खनन के क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और अद्वितीय अनुभव के साथ यह कंपनी एक ऐसी इकाई बन गई है, जो देश के लिए बढ़ी हुई उत्पादन क्षमता के साथ खानों के आसपास के लोगों की पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण को संतुलित करती है।

# देशभर के किसान ले रहे हैं पूसा कृषि मेले का लाभ




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय कृषि अनुसंधान संसथान द्वारा आयोजित कृषि विज्ञान मेला के दुसरे दिन भी देशभर से आये हजारो किसान ने मेले का लाभ लिया। मेले की प्रमुख थीम तकनीकी ज्ञान से आत्म-निर्भर किसान है। मेले के दूसरे दिन भी देश भर से लगभग 12000 किसानों ने भाग लिया एवं 1100 क्विंटल से अधिक पूसा बीज की किसानों द्वारा खरीद की गई। मेले के दूसरे दिन 4 तकनीकी सत्र हुए। चार तकनीकी सत्रों में किसानों को स्मार्ट कृषि; प्राकृतिक खेती; उच्च उत्पादकता के लिए हाइड्रोपोनिक और एरोपोनिक कृषि; और समृद्धि के लिए कृषि निर्यात के बारे में बताया गया।

मेले में किसानों को बासमती चावल की झुलसा एवं झोंका रोग रोधी तीन किस्में पूसा बासमती 1847, पूसा बासमती 1885, पूसा बासमती 1886 का बीज भी वितरित किया जा रहा है ताकि वे इन नवीन क़िस्मों का बीज निर्माण स्वयं भी कर सकें। नई फसल किस्मों के लाइव प्रदर्शन, सब्जियों और फूलों की संरक्षित खेती के प्रदर्शन और भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों तथा निजी कंपनियों द्वारा विकसित कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी और बिक्री पर अपनी रुचि दिखाई। इसी तरह से, किसान उन्नत किस्मों के बीज और पौधों की बिक्री से काफी खुश थे। इसके अलावा कृषि उत्पादों और कृषि रसायनों का प्रदर्शन और बिक्री, नवोन्मेषी किसानों द्वारा विकसित उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री ने भी जनसमूह को आकर्षित किया। मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के 100 से अधिक संस्थान, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य संस्थान उन्नत तकनीकियों का प्रदर्शन 225 स्टॉल के माध्यम से कर रहे हैं। प्रथम दिवस देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे 12000-15000 किसानों ने विभिन्न संस्थानों एवं भा.कृ.अनु.स. नई दिल्ली के विभिन्न संभागों द्वारा विकसित किस्मों और प्रौद्योगिकियों की जानकारी ली, साथ ही जीवित प्रदर्शनी, मॉडल एवं किसान परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया।

मेले के प्रमुख आकर्षण हैं: स्मार्ट/ डिजिटल कृषि, एग्री स्टार्टअप एवं किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), जैविक तथा प्राकृतिक खेती, संरक्षित खेती/ हाइड्रोपोनिक/ एरोपोनिक/ वर्टिकल खेती, कृषि उत्पादों के निर्यात, प्रोत्साहन सलाह केंद्र। मेले में संस्थान द्वारा विकसित नवीन किस्मों की जानकारी दी जा रही है, वहीं पूसा संस्थान की अन्य नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियां, जैसे कि सौर उर्जा संचालित 'पूसा-फार्म सन फ्रिज; पूसा डीकंपोजर, पूसा संपूर्ण जैव-उर्वरक (नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटेशियम प्रदान करने वाला अनूठा तरल सूत्रीकरण) को भी प्रदर्शित किया गया है।

# अनुराग ठाकुर ने आज राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज नई दिल्ली में संसद के केंद्रीय कक्ष में, राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ) 2022 के तीसरे राष्ट्रीय चरण के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय में सचिव श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी, राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी और मंत्रालय तथा संसद के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला 11 मार्च, 2022 को एनवाईपीएफ के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। शीर्ष तीन राष्ट्रीय विजेताओं को भी समापन समारोह के दौरान लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष बोलने का अवसर मिलेगा। अपने संबोधन के दौरान, अनुराग ठाकुर ने कहा, इस साल के राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का विषय नए भारत की आवाज बनें और समाधान खोजें एवं नीति में योगदान करें है। मैं आप सभी से ठोस कचरा प्रबंधन, भुखमरी को खत्म करने, लैंगिक समानता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करता हूं। जैसा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, मैं आपसे यह भी आग्रह करता हूं कि अब तक हमने जो प्रगति की है, उस पर चर्चा करें और भारत को बदलने के लिए समाधानों की परिकल्पना करें, जब हम आजादी के ञ्च100 वर्ष मनाएं। स्वास्थ्य, खेल, मीडिया, परिवहन, बुनियादी ढांचे, विदेशी मामलों के क्षेत्र में युवा क्या कर सकते हैं जो एक बिलियन लोगों के जीवन को बदल दे? मानवता के भविष्य और जीवन की सुगमता में एक बिलियन लोग क्या योगदान दे सकते हैं? ठाकुर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय युवा संसद ने युवाओं में नेतृत्व के गुणों का निर्माण करने में मुख्य भूमिका निभाई है। ठाकुर ने आग्रह करते हुए कहा कि युवा इस अवसर का उपयोग स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से प्रेरणा लेने के लिए करें।

आत्मनिर्भर भारत के बारे में ठाकुर ने कहा कि जब पूरी दुनिया महामारी के दौरान संघर्ष कर रही थी, भारत इस अवसर पर आगे बढ़ता रहा और हम सभी ने इस स्थिति से निपटने के लिए मिलकर काम किया। इससे हम दुनिया के सामने एक मिसाल कायम करते हैं कि सही विजन और नेतृत्?व से हम सभी विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकते हैं। युवाओं को भी इस गुण को आत्मसात करना चाहिए और देश को एकजुटता की भावना से आगे ले जाना चाहिए ताकि भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर हमारे देश में बदलाव हो सके। अनुराग ठाकुर ने दोहराते हुए कहा कि यह युवाओं की भावना और भागीदारी है जिसके माध्यम से एक देश की नींव रखी जाती है, यह युवा ही हैं जो देश और समाज को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं, युवा देश के वर्तमान के साथ-साथ अतीत और भविष्य के बीच का सेतु हैं।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्किल इंडिया, खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया है, जिसने न केवल करोड़ों युवाओं को कौशल प्रदान किया है बल्कि एक मजबूत भारत की नींव भी रखी है।

# यूपी में नाबालिग बेटी से रेप के आरोप में शख्स को भेजा गया जेल

**शाहजहांपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने 38 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ कथित रूप से रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। लडक़ी की मां 5 मार्च को अपने एक रिश्तेदार के यहां एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए गई थी, जब आरोपी नशे की हालत में घर लौटा और उसने अपनी बेटी का यौन उत्पीडऩ किया।

पीड़िता ने लौटने पर अपनी मां को आपबीती सुनाई और इसके बाद बुधवार को उसने अपने पति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

प्राथमिकी के अनुसार, 10वीं कक्षा की छात्रा के साथ पहले रेप किया गया और बाद में उसकी पिटाई की गई और उसके पिता ने उसे चुप रहने के लिए मजबूर किया।

खुदागंज पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) वकार खान ने कहा कि हमने पोक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के साथ आईपीसी की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 376 (बलात्कार), 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एक हफ्ते में यह दूसरी ऐसी घटना है जहां शाहजहांपुर में एक नाबालिग लडक़ी के साथ उसके पिता ने रेप किया है। इससे पहले जिले के जलालाबाद इलाके में 12 साल की नाबालिग बच्ची से उसके पिता ने एक साल तक बार-बार दुष्कर्म किया था।

# उपराष्ट्रपति ने विधानमंडलों की बैठकें लम्बी अवधि के लिए बुलाने का किया आह्वान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पूर्वोत्तर राज्यों के विधानमंडलों सहित सभी राज्यों के विधानमंडलों की बैठकें अधिक से अधिक तथा लम्बी अवधि के लिए बुलाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि कानून बनाने के लिए पर्याप्त समय मिले, बड़े सार्वजनिक हित के विषयों पर चर्चा की जा सके और कार्यपालिका का दायित्व सुनिश्चित किया जा सके।

मिजोरम विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि उचित अवधि के लिए विधानसभा सत्र की योजना बनाई जानी चाहिए ताकि विचार-विमर्श, चर्चा और बहस तथा अंतिम निर्णय लेने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उन्होंने कहा कि विधानमंडलों की और अधिक बैठकें होनी चाहिए और प्रत्येक सत्र में सार्थक बहस होनी चाहिए।

स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव समारोहों की चर्चा करते हुए नायडू कहा कि अपने देश की महान लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत बनाने के लिए हमें महान संकल्प लेना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य विधानसभाएं तथा संसद नए भारत को आकार देने के लिए प्रभावी औजार बन सकें। हम सभी यह सपना देख रहे हैं। हमारा लोकतंत्र विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्रों में एक है और विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमें इसे और अच्छा बनाना चाहिए।

नायडू ने कुछ विधानमंडलों में हाल की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और कहा कि संवैधानिक पदों का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायकों को सार्थक बहस करनी चाहिए और सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जन आकांक्षा को सुना जाना चाहिए और उनका सम्मान किया जाना चाहिए।

संसद तथा पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के विधानमंडलों में महिलाओं के उचित प्रतिनिधित्व के विषय में उपराष्ट्रपति ने कहा कि कानून बनाने के कार्य में अधिक महिला सदस्यों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा यद्यपि मिजोरम तथा नगालैंड की विधानसभाओं में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, लेकिन मणिपुर और त्रिपुरा विधासभाओं में क्रमश: दो और पांच महिला सदस्य हैं। क्षेत्र की 8 विधानसभाओं के कुल 498 सदस्यों में से केवल 20 महिला सदस्य हैं। यह केवल 4 प्रतिशत है। संसद में भी केवल 11 प्रतिशत महिला सदस्य हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को हमारी विकास रणनीति में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी को मान्यता देने का अवसर बताते हुए उन्होंने कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी से विकास की गति तेज होगी और विकास की प्रक्रिया अधिक समावेशी होगी।

मिजोरम विधानसभा के सदस्यों को मई में मनाए जाने वाले स्वर्ण जयंती समारोह की बधाई देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विकास का 75 वर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा कि मिजोरम विधानसभा की स्वर्ण जयंती समारोह तथा देश का आजादी का अमृत महोत्सव दोनों भारत की लोकतांत्रिक यात्रा की प्रगति के समारोह हैं।

उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पिछले पांच दशकों में शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया, विधानसभा में विधायकों का सम्मानजनक आचरण तथा सतत समावेशी विकास से मिजोरम ने देश के लोकतांत्रिक जड़ों को गहरा बनाया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि सर्वाधिक अनुशासन, परिश्रम और शिष्टाचार के साथ सदन का सत्र संचालित किया जाता है। उन्होंने विधायकों से कहा- आपने वास्तव में जनता द्वारा अपने प्रतिनिधि के रूप में व्यक्त विश्वास, आशा और आकांक्षाओं को ऊपर रखा है। आप सभी को मैं उच्च मानक स्थापित करने के लिए बधाई देता हूं जिसका अनुसरण राज्य विधानमंडलों और संसद भी कर सकती है।

भारत सरकार, मिजोरम सरकार तथा मिजो नेशनल फ्रंट के बीच 1986 में हुए ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर की चर्चा करते हुए नायडू ने कहा कि मिजोरम ने संवाद की शक्ति तथा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का रास्ता दिखाया है जो लोकतंत्र में आवश्यक है। इस ऐतिहासिक समझौते ने दो दशक पुरानी अशांति और संघर्ष को समाप्त किया और शांति तथा प्रगति प्रारंभ हुई।